भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †92
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन स्थलों का विकास

†92. श्री नवसकनी के.:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए वर्तमान में कुल कितनी परियोजनाएं/योजनाएं चल रही हैं;

(ग) क्या तमिलनाडु में इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए किसी नए स्थान का चयन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विगत तीन वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में पर्यटन स्थलों के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निधि आबंटन और इसके उपयोग का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में तमिलनाडु सहित देश के पर्यटन स्थलों और उत्पादों का संवर्धन करता है। यह संवर्धन कार्य सोशल मीडिया और कार्यक्रमों सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच), स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) और पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता नामक योजनाओं के तहत पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास और संवर्धन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत तमिलनाडु राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं, आवंटित और निर्मुक्त निधि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत ‘नीलगिरि’, स्वदेश दर्शन 2.0 की “चुनौती आधारित गंतव्य विकास” उप-योजना के तहत तंजावुर और रामेश्वरम तथा प्रशाद योजना के अंतर्गत श्री कैलासनाथर मंदिर थिंगालूर में नवग्रह मंदिर, गुरूभगवान मंदिर, अलंगुड़ी, श्री नागनातर मंदिर, तिरुनागेश्वरम, श्री सूर्यनार मंदिर, तिरुविडैमरूडट, सूर्यानार कोविल, श्री अग्निश्वरार मंदिर, कंजानूर, श्री वैथिश्वस्वरण मंदिर, वैथिश्वस्वरण कोविल, श्री नागनाथस्वामी मंदिर, कीलपेरम्पल्लम और स्वेथ्तरण्येश्वर मंदिर, तिरुवेंकाडु को विकास के लिए चिह्नित किया है।

*****

अनुबंध

श्री नवसकनी के. द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †92 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत सहायता प्राप्त मेलों/ महोत्सवों और पर्यटन से संबंधित आयोजनों की सूची:

(लाख रुपए में)

राज्य का नाम	वर्ष	मेलों और महोत्सवों के नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि
तमिलनाडु	2015-16	मामल्लपुरम, तमिलनाडु में भारतीय नृत्य महोत्सव	8.00	8.00
	2016-17	मामल्लपुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
	2017-18	मामल्लपुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
	2018-19	मामल्लपुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
	2019-20	भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
		कुमारी महोत्सव	10.00	10.00
		पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव	15.00	15.00
	2021-22	मामल्लपुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
	2022-23	मामल्लपुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00

स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	स्थिति
2016-17	तटीय परिपथ के तहत चेन्नई - मामल्लपुरम - रामेश्वरम - कुलशेकरनपट्टिनम - कन्याकुमारी का विकास	73.13	71.03	पूर्ण
2023-24	मामल्लपुरम के शोर टेम्पल में इमर्सिव एक्सपेरियन्स	30.02	-	-

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	स्थिति
2016-17	कांचीपुरम का विकास	13.99	13.99	पूर्ण

2016-17	वेलंकन्नी का विकास	4.86	4.86	पूर्ण

पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

(लाख रुपए में)

राज्य का नाम	वर्ष	परियोजना का नाम	एजेंसी	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	स्थिति
तमिलनाडु	2012-13	चेन्नई पत्तन पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केन्द्र।	चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट	1724.66	1724.66	पूर्ण

*****